# खरीदी केंद्रों पर समय पर तुलाई हो निश्चित : सोमेश

- किसान संघ के साथ कलेक्टर ने की बैठक
- मूंग उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा



नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 6 अगस्त. कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट के रेवा सभाकक्ष में भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई. बैठक में मूंग उपार्जन व्यवस्था, किसानों की समस्याओं और उनके सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई.**

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी वेयरहाउसों में पर्याप्त बारदाना उपलब्ध रहें, ताकि खरीदी कार्य प्रभावित न हो. उन्होंने सभी मूंग खरीदी केंद्रों पर सुबह 10 बजे से तुलाई शुरू करने और कर्मचारियों व हम्मालों की सुबह 9:30 बजे तक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. साथ ही तुलाई कार्य के वीडियो प्रतिदिन उपलब्ध कराने को कहा.

उन्होंने कहा कि जिन किसानों की 25 प्रतिशत मूंग खरीदी जा चुकी है, उन्हें संभव हो तो उसी वेयरहाउस में शेष उपज बेचने की सुविधा दी जाए. उपार्जन में तेजी लाने के लिए जिले में वेयरहाउस और खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए. कलेक्टर ने कहा कि जिन किसानों की स्लॉट अवधि समाप्त हो गई है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं, जिसके बाद स्लॉट बढ़ाने की कार्रवाई की जाएगी. खरीदी पूरी होने वाले किसानों के बिल तत्काल तैयार कर भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए.


बैठक में वेयरहाउस संबंधी शिकायतों की जांच, बायोमेट्रिक समस्या के समाधान के लिए वैकल्पिक व्यवस्था और उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर भी चर्चा हुई. इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी और भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

### अव्यवस्था से किसान परेशान

**नर्मदापुरम.** खरीफ सीजन के दौरान जिले के किसान दोहरी परेशानी का सामना कर रहे हैं. एक ओर डीएपी खाद के लिए नई वितरण व्यवस्था में सर्वर समस्या और लंबी कतारों से जूझना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर मूंग खरीदी केंद्रों पर स्लॉट और तुलाई व्यवस्था की दिक्कतों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई हाइब्रिड खाद वितरण व्यवस्था में पोर्टल और सर्वर बार-बार ठप होने से किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है. कई किसानों को खाद लेने के लिए दो से तीन बार केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं. इटारसी, सेमरी हरचंद और बनापुरा सहित कई क्षेत्रों में डीएपी की कमी की शिकायतें सामने आ रही हैं.

# नपाध्यक्ष नीतू यादव ने की जनसुनवाई

## गोपालकुंज रसूलिया में बनेगी नाली और सड़क



नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 6 अगस्त. नगरपालिका में प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई आम नागरिकों को त्वरित लाभ मिल रहा है. नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जनसुनवाई करते हुए 15 से अधिक आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया.**

गोपालकुंज रसूलिया वार्ड 23 की महिलाओं ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि हमारे वार्ड में नाली और सड़क निर्माण की आवश्यकता है. हमारे वार्ड की पेयजल की जांच की जाए. नपाध्यक्ष द्वारा आवेदन पर सुनवाई करते हुए तत्काल उपयंत्री को निर्देश दिए.

उन्होंने आवेदक महिलाओं को आश्वस्त किया कि जल्द ही आपकी कालोनी में सड़क और नाली का निर्माण होगा. पेयजल की जांच करने महिलाओं के लिए, साथ ही जलप्रदाय शाखा की टीम को भेजकर उनकी समस्या का समाधान कराया जा रहा है.

### करीब 15 आवेदनों का किया निराकरण

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देश पर नपा में जनसुनवाई की जा रही है. गुरुवार को करीब 15 से अधिक आवेदन आए, जिसमें पेंशन प्रकरण के आवेदन, पीएम आवास के आवेदन, राशन कार्ड समर्पण के थे. जिनका संतुष्टिपूर्ण समाधान किया गया. जनसुनवाई में उपयंत्री दीक्षा तिवारी, रीना गुप्ता, स्वच्छ भारत अभियान नोडल अनुराग तिवारी, पीएम आवास शाखा के दीपक गौर आदि उपस्थित थे.

## एक नजर में



### स्वतंत्र मजदूर यूनियन के अध्यक्ष बने ककोड़िया

**इटारसी.** ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी में स्वतंत्र मजदूर यूनियन की बैठक आयोजित की गई. बैठक में सर्वसम्मति से आशीष ककोड़िया को यूनियन का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया. उनकी नियुक्ति से यूनियन सदस्यों में उत्साह का माहौल है. बैठक के दौरान सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने और मजदूर हितों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया. नवनियुक्त अध्यक्ष आशीष ककोड़िया को यूनियन पदाधिकारियों और सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं .इस अवसर पर यूनियन के वर्किंग कमेटी सदस्य राजेश धुर्वे, किशन सल्लाम, अनिल सेवरिया, सचिव अभिषेक वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे. उन्होंने आशीष ककोड़िया को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की.



### अंकित ने बांकीपुर उपचुनाव में निभाई अहम भूमिका

**हरदा.** बिहार के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जन सुराज के प्रशांत किशोर की जीत में हरदा निवासी अंकित कुमार झा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. वे पार्टी के टारगेट 160 बूथ अभियान के को-लीड के रूप में चुनाव प्रबंधन से जुड़े रहे. अभियान के तहत चिन्हित 160 बूथों में से 158 पर जन सुराज को बढ़त मिलने का दावा किया गया है. अंकित झा ने चुनाव के दौरान बूथ प्रबंधन, मतदाताओं से संपर्क और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय की जिम्मेदारी संभाली. उन्होंने जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने और मतदाताओं तक पार्टी की रणनीति एवं संदेश पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाई. अंकित पिछले कई वर्षों से चुनाव प्रबंधन, राजनीतिक प्रशिक्षण और कैंपेन कंसल्टेंसी के क्षेत्र से जुड़े हैं. इस दौरान वे सात से अधिक चुनाव अभियानों में काम कर चुके हैं. उनके अनुसार, इनमें छह चुनाव अभियानों में संबंधित उम्मीदवारों को जीत मिली है. बांकीपुर उपचुनाव में मिली सफलता को अंकित झा के लिए चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है. उनकी भूमिका से हरदा जिले का नाम भी राजनीतिक और चुनावी प्रबंधन के क्षेत्र में चर्चा में आया है.

### बलराम कृषि महोत्सव मे किसान हुए शामिल

**पिपरिया.** इटारसी में आयोजित 11वें बलराम कृषि महोत्सव में पिपरिया क्षेत्र के किसानों ने कृषि विभाग के मार्गदर्शन में सहभागिता की. कार्यक्रम में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया. कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल प्रबंधन और खेती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं. महोत्सव में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सहित जिले के विधायक मौजूद रहे. कार्यक्रम के दौरान किसानों ने कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी ली और विशेषज्ञों से खेती से जुड़े विषयों पर चर्चा की.इस अवसर पर धनाश्री से कृषक हेमंत पटेल, राजेश पटेल, कमलेश पटेल, हरभजन सराठे, खापरखेड़ा से रमेश पटेल, गुरारी से हेमंत पटेल और पोसरा से बृजेश पटेल सहित अन्य किसान उपस्थित रहे. कृषि विभाग की ओर से ग्राम सेवक हरदास सिसोदिया भी मौजूद रहे. महोत्सव में किसानों को प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी गई.

# ब्रह्माकुमारीज का 10 करोड़ प्रतिज्ञा महाअभियान शुरू

**1** 400 गांव और 250 स्कूलों तक पहुंचेगा अभियान

**2** नशामुक्त जीवन का संदेश देने निकलेंगे समाजसेवी वालेंटियर्स




नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा, 6 अगस्त. स्वास्थ्य, नैतिक मूल्यों और नशामुक्त जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारीज द्वारा दादी प्रकाशमणि जी की स्मृति में '10 करोड़ प्रतिज्ञा महाअभियान' शुरू किया गया. अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से सकारात्मक सामाजिक वातावरण तैयार करना और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है.**

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ. विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने अभियान की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने का आह्वान किया. उन्होंने इसे जनआंदोलन का रूप देने और नशामुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण पहल बताया.

एसडीएम विजय राय ने कहा कि विद्यालयों के माध्यम से बच्चों में अच्छे संस्कार और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश पहुंचाना सराहनीय है. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण रघुवंशी ने अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई.

संस्था प्रभारी ब्रह्माकुमारी सविता बहन ने बताया कि अभियान करीब 400 गांवों और 250 विद्यालयों*तक पहुंचेगा. यहां बच्चों, युवाओं और नागरिकों को स्वास्थ्य, नैतिक मूल्यों तथा नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया जाएगा. अंत में ब्रह्मा कुमार प्रतीक ने उपस्थित लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने की सामूहिक शपथ दिलाई.

### कन्या महाविद्यालय में 33 छात्राएं एनसीसी कैडेट चयनित

**पिपरिया.** शासकीय कन्या महाविद्यालय पिपरिया में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की प्रथम वर्ष बालिका सीनियर विंग के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई. इसमें 80 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिनमें से 33 छात्राओं का चयन एनसीसी कैडेट के रूप में किया गया. चयन प्रक्रिया पीआई स्टाफ हेमराज पटेल ने संपन्न कराई. महाविद्यालय की प्राचार्या मोना द्विवेदी की उपस्थिति में एनसीसी प्रभारी डॉ. भारती विश्वकर्मा के मार्गदर्शन और वरिष्ठ कैडेट्स के सहयोग से चयन प्रक्रिया पूरी हुई. प्राचार्या मोना द्विवेदी ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना का विकास करती है.

# सड़क पर घूम रही 25 गायों को भेजा गौशाला

### तीन पशुपालकों पर 2500 रुपए जुर्माना, आवारा श्वानों पर भी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 6 अगस्त. शहर में आवारा पशुओं की समस्या को देखते हुए नगर पालिका के हाका दल ने गुरुवार को मालाखेड़ी रोड पर सर्चिंग अभियान चलाया. अभियान के दौरान सड़क पर घूम रही करीब 25 गायों को पकड़कर केंद्रीय जेल स्थित गोशाला भेजा गया.**

हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है. सड़क पर पशु छोड़ने वाले पशुपालकों पर जुर्माना भी लगाया गया. मालाखेड़ी निवासी गुलाबदास की तीन गायों को सड़क पर छोड़ने पर 1500 रुपए, मुन्नू तिवारी और राहुल दुबे की एक-एक गाय पर 500-500 रुपए का जुर्माना किया गया.

नगर पालिका टीम ने पशुपालकों को समझाइश दी कि वे अपने पशुओं को घर पर बांधकर रखें, ताकि यातायात बाधित न हो और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो.वहीं नपा की डॉग कैचर टीम ने सिंधी कॉलोनी ग्वालटोली क्षेत्र से 9 आवारा श्वानों को पकड़कर नगर सीमा से बाहर किया. पर्यवेक्षक संजय लुटारे ने बताया कि सभी श्वानों को सुरक्षित तरीके से हटाया गया.

# कारगिल शहीदों के शौर्य से प्रेरित हुईं छात्राएं

- 3गृहविज्ञान कॉलेज में दिखाई गई प्रेरक डॉक्यूमेंट्री
- वीर सैनिकों के बलिदान को किया याद



नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 6 अगस्त. शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस श्रृंखला के तहत भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रीय सुरक्षा पर आधारित प्रेरक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया.**

कार्यक्रम का आयोजन उच्च शिक्षा आयुक्त कार्यालय के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. संगीता अहिरवार के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कक्ष में किया गया.

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संगीता अहिरवार ने छात्राओं को कारगिल युद्ध के वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने और राष्ट्रसेवा, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प लेने का आह्वान किया.कार्यक्रम संयोजक डॉ. चंद्रशेखर राज ने कारगिल युद्ध के वीर नायकों कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडेय सहित देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले 527 से अधिक वीर सैनिकों के अदम्य साहस और शौर्य पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों का त्याग और समर्पण देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगा.

### मूंग तुलाई की धीमी गति पर कांग्रेस नेताओं ने जताई चिंता

**इटारसी.**कृषि उपज मंडी इटारसी में मूंग खरीदी के दौरान किसानों को आ रही तुलाई संबंधी परेशानियों और तौल कांटों की कमी को लेकर कांग्रेस नेताओं ने चिंता जताई. कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमंडल मंडी पहुंचा और किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को जाना. प्रतिनिधि मंडल ने मंडी में तुलाई की धीमी गति और अव्यवस्थाओं का मुद्दा एसडीएम नीलेश शर्मा के समक्ष रखा. किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शाम तक अतिरिक्त तुलाई मशीनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए.




# एसडीएम और सीईओ ने ली पथरोटा में समीक्षा बैठक


नवभारत न्यूज

**इटारसी, 6 अगस्त. आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से संचालित जन विश्वास अभियान के तहत ग्राम पंचायत पथरोटा में क्लस्टर स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

बैठक की अध्यक्षता इटारसी एसडीएम नीलेश शर्मा और जनपद पंचायत केसला की सीईओ सुमन खातरकर ने संयुक्त रूप से की. इसमें विभिन्न विभागों के मैदानी अधिकारी, कर्मचारी और पंचायत सचिव उपस्थित रहे.

बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई. एसडीएम नीलेश शर्मा ने कहा कि जनसमस्याओं का समय पर निराकरण शासन की प्राथमिकता है. इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने पंचायत सचिवों और मैदानी अमले को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से अथवा फोन पर संपर्क कर उनकी समस्याएं समझें. शिकायतों का निराकरण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए. आवेदक की संतुष्टि के बाद ही पोर्टल पर प्रकरण बंद किया जाए.

# अव्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




नवभारत न्यूज

**इटारसी, 6 अगस्त. किसानों की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने इटारसी एसडीएम नीलेश शर्मा से मुलाकात कर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की.**

प्रतिनिधिमंडल ने मूंग खरीदी में हो रही अव्यवस्थाओं, धीमी तुलाई और खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता का मुद्दा उठाया.

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि कृषि मंडी, वेयरहाउस और खरीदी केंद्रों पर तुलाई की गति धीमी होने से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लग रही हैं. बारिश के मौसम में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वहीं सड़कों पर वाहनों की कतार लगने से यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है. जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडेय ने एसडीएम से किसानों की मूंग फसल की जल्द खरीदी और व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की. प्रतिनिधिमंडल में मधुसूदन यादव, बाबू चौधरी, शेख रमजान, धर्मेंद्र मालवीय, हरीश मालवीय, अजय पटेल, अखिलेश पटेल, अनिल रैकवार मौजूद रहे.


**Presiding Officer: श्री यतीन अग्रवाल**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000063/2026)
राजश्री कलोसिया........वादी
Vs
मंडल रेल प्रबन्धक वाणिज्य, ...प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक :-- 26/08/2026
प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण पता- दैनिक समाचार पत्र नवभारत जिला नमर्दापुरम म प्र
यह कि प्रार्थी राजश्री कलोसिया ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते घोषणा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।यह आज तारीख 31 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी-आवेदन की प्रति पेश
**कृपया ध्यान दें-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा.
न्यायाधीश- यतिन अग्रवाल
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
इटारसी जिला नर्मदापुरम

### सरकारी बोरों से भरा ट्रक पलटा, हादसा टला

**सिवनी मालवा.** सिवनी मालवा-इटारसी मार्ग पर धरमकुंडी बस स्टैंड के समीप सरकारी बोरों की गठानों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया. ग्रामीणों ने ट्रक में फंसे चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. जानकारी के अनुसार जीवन ट्रांसपोर्ट इटारसी का ट्रक इटारसी से बानापुरा की ओर जा रहा था. ट्रक में सरकारी बोरों की गठानें लदी थीं. धरमकुंडी के पास अचानक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया.

**आंदोलन** | बस्ता जमा कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, ऑनलाइन सरकारी पोर्टल का किया बहिष्कार

# मांगों को लेकर पटवारियों की कलमबंद हड़ताल शुरू



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 6 अगस्त. मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर तहसील शाखा इटारसी के पटवारियों ने अपनी पांच सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर बेमियादी कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी है. गुरुवार को पटवारियों ने अपने बस्ते जमा कर तहसीलदार रामशंकर झरबड़े को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा.**

पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र जाटव और संभाग अध्यक्ष कन्हैया लाल व्यास के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि पटवारियों ने शासकीय व्हाट्सएप ग्रुप, सारा ऐप और वेब जीआईएस सहित सभी ऑनलाइन सरकारी पोर्टल का बहिष्कार कर दिया है.

पटवारी संघ ने बताया कि इससे पहले 20 से 23 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर विरोध किया गया था और तीन दिवसीय सांकेतिक अवकाश भी लिया गया था. शासन स्तर पर मांगों का समाधान नहीं होने के बाद अब अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया है. संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आंदोलन के दौरान पटवारियों के खिलाफ किसी प्रकार की दमनात्मक कार्रवाई की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा. हड़ताल के चलते नामांतरण, सीमांकन और किसान संबंधी ऑनलाइन कार्य प्रभावित होने की संभावना जताई गई है.

### पटवारियों की प्रमुख मांगें

- कैडर रिव्यू लागू कर समयमान वेतनमान और पदोन्नति का लाभ दिया जाए.
- नायब तहसीलदार पद के लिए लंबित विभागीय परीक्षा जल्द आयोजित की जाए.
- पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल किया जाए.
- विभिन्न योजनाओं का लंबित मानदेय जारी करें और नियम विरुद्ध तबादले निरस्त किए जाएं.
- कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए परामर्शदात्री समिति की नियमित बैठकें आयोजित हों.

### स्कूल एसोसिएशन की बैठक 18 अगस्त को

**इटारसी.** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की अति आवश्यक बैठक 18 अगस्त, मंगलवार को शाम 4 बजे पत्रकार भवन में आयोजित की जाएगी. संगठन की प्रवक्ता मंजू ठाकुर ने बताया कि बैठक में इस वर्ष आयोजित होने वाले शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारियों और रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी. एसोसिएशन द्वारा इस बार भी भव्य शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा. इसके लिए प्रत्येक निजी स्कूल अपने संस्थान से एक उत्कृष्ट शिक्षक या शिक्षिका का चयन कर सम्मानित करेगा. संगठन ने स्कूलों से अपील की है कि बैठक में अपने विद्यालय से चयनित शिक्षक या शिक्षिका का नाम और उआवश्यक जानकारी अनिवार्य रूप से लेकर आएं.


**न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी**
**इश्तहार /प्रेस विज्ञप्ति**
रा0प्र0क्रं0 - 0041 अ-6 वर्ष 2026-27
आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदकगण राजेश अग्रवाल आ0 स्व0 प्यारेलाल अग्रवाल एवं अन्य-02 निवासी वार्ड नं0 24, बजरंगपुरा, इटारसी तह0 इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110 म0प्र0 भू0 रा0 संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं0 03 प्लाट नं0 6/3 रकबा 663.25 वर्गफुट भूमि नजूल अभिलेख में आवेदकगणों के पिता प्यारेलाल अग्रवाल आ0 जीवनलाल के नाम दर्ज है। आवेदकगण के पिता भूमिस्वामी प्यारेलाल अग्रवाल का निधन दिनांक 14/05/2026 को हो गया है एवं आवेदकगण की माता ग्यारसी बाई अग्रवाल का निधन दिनांक 01/01/2026 को हो गया है। आवेदकगण अपने पिता के निधन उपरांत उक्त वर्णित भूमि पर स्वयं का नाम वारसान हक में दर्ज कराना चाहते है। अतः आवेदकगणों द्वारा उक्त वर्णित भूमि पर से भूमिस्वामी/खातेदार प्यारेलाल अग्रवाल आ0 जीवनलाल की मृत्यु उपरांत उनका नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके स्थान पर आवेदकगणों का नाम फौती आधार पर नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 10/08/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।
**नोट-** नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी
**नजूल अधिकारी, इटारसी**